# Janta Vedic College, Baraut (Baghpat)

## Summary of activities by

## National Service Scheme (First Unit) during session 2020-21

| | Name of the activity | Organising unit/ agency/ collaborating agency | Number of students participated in such activities | No. of teachers coordinated in such activity |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Girl child protection oath | NSS Unit 1 | 85 | 4 |
| 2 | Celebration of swami VivekanandJayanti | NSS Unit 1 | 80 | 1 |
| 3 | Poster Making Competotion | NSS Unit 1 | 165 | 1 |
| 4 | Sangosthi on Parakram Divas | NSS Unit 1 | 60 | 1 |
| 5 | Awareness rally on Voting | NSS Unit 1 | 75 | 3 |
| 6 | Swachhataabhiyan | NSS Unit 1 | 70 | 2 |
| 7 | Rally and Sangosthi on Environment Protection and Water Conservation | NSS Unit 1 | 80 | 3 |
| 8 | Sangosthi on Internation Mother Tounge Language Day | NSS Unit 1 | 85 | 1 |
| 9 | Rally on Voting Awreness and Population Control | NSS Unit 1 | 50 | 1 |
| 10 | Awareness rally on Swachhata and Sachharata | NSS Unit 1 | 50 | 4 |
| 11 | Awreness Rally on BatiBachaoBatiPadhao and Women Empowerment | NSS Unit 1 | 50 | 4 |
| 12 | Training on Disaster Mnagement | NSS Unit 1 | 50 | 3 |
| 13 | Sangosthi on Digital India | NSS Unit 1 | 50 | 5 |
| 14 | Sangosthi on InternationWomens Day | NSS Unit 1 | 80 | 6 |

Ragh

Dr. Raghuraj Singh

(Program Officer, NSS Unit I)

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना, इकाई प्रथम
ज०वै० कालिज, बड़ौत

# Janta Vedic College, Baraut (Baghpat)

## Summary of activities by

## National Service Scheme (Second Unit) during session 2020-21

| | Title of the activities | Organising unit/agency/ collaborating agency | No. Of Student Participated in such activities | Number of Teacher co-ordinated such activities. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Webinar on Pandemic and Mental Health | NSS Unit 2 | 80 | 8 |
| 2 | Poster and Slogan making competition on women safety and women empowerment and women health | NSS Unit 2 | 50 | 10 |
| 3 | Training given by the expert to the girl students for safety | NSS Unit 2 | 100 | 12 |
| 4 | Webinar on women health and nutrition | NSS Unit 2 | 50 | 10 |
| 5 | Rally on national voter day and oath taken by students, poster making competion on matdan divas | NSS Unit 2 | 90 | 5 |
| 6 | Swachhataabhiyan and gosthi on shaheed divas | NSS Unit 2 | 80 | 3 |
| 7 | Cycle rally on 'Fit India Movement Awareness Program and NariSuraksha' and gosthiaayogan | NSS Unit 2 | 90 | 7 |
| 8 | Essay writing competition and sports activities on Topic 'Yuva Shakti karastranirman me yogdan' | NSS Unit 2 | 80 | 3 |
| 9 | Rally on road safety and security | NSS Unit 2 | 50 | 6 |
| 10 | Distribution of woolen cloths, food items and mask in slum area | NSS Unit 2 | 50 | 3 |
| 11 | Tree Planting for environment protection and awareness, water conservation- poster making and slogan making competition | NSS Unit 2 | 50 | 4 |
| 12 | Yoga Practicing for being Healthy, essay competition on topic 'NashaMukti' | NSS Unit 2 | 50 | 3 |
| 13 | Training on girls Health and nutrition, Garbage Disposal Awareness program, BetiBachaoBatiPadhaoabhiyan by slogan writing | NSS Unit 2 | 50 | 2 |
| 14 | Rally on girls eduction, NukkadNatak on Save Girl Child, BetiBachao | NSS Unit 2 | 50 | 3 |
| 15 | Program on Plastic pollution against single use plastic, cultural activity by NSS students | NSS Unit 2 | 50 | 5 |

Dr. Rashmi Nigam

(Program Officer, NSS Unit II)

*Programme Officer*
*N.S.S. Unit II*
*J.V.College, Baraut*

# Janta Vedic College, Baraut (Baghpat)

## Summary of activities by

## National Service Scheme (Third Unit) during session 2020-21

| | Title of the activities | Organising unit/agency/collaborating agency | Number of Teacher co-ordinated such activities. | No. Of Student Participated in such activities |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Plantation and Mask distribution | NSS 3rd unit | 5 | 35 |
| 2 | Polythene free campus campaign | NSS 3rd unit | 4 | 50 |
| 3 | National Unity Day | NSS 3rd unit | 10 | 70 |
| 4 | Webinar on: Diwali without crackers | NSS 3rd unit | 20 | 60 |
| 5 | Voter awareness rally | NSS 3rd unit | 10 | 80 |
| 6 | National Harmony Week | NSS 3rd unit | 45 | 90 |
| 7 | Road accident and traffic rules awareness campaign | NSS 3rd unit | 40 | 85 |
| 8 | Easy competition on Chora Chori | NSS 3rd unit | 06 | 40 |
| 9 | COVID-19 Vaccination camp | NSS 3rd unit | 10 | 50 |
| 10 | ChaudharyCharan Singh jyanti: Poster competition | NSS 3rd unit | 05 | 55 |

Dr. Prashant Yadav

(Program officer, NSS Unit III)

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई तृतीय
जा०वै० कॉलिज, बड़ौत

# Janta Vedic College, Baraut (Baghpat)

## Summary of activities by

## National Service Scheme (Fouth Unit) during session 2020-21

| | Title of the activities | Organising unit/agency/collaborating agency | Number of Teacher co-ordinated such activities. | No. Of Student Participated in such activities |
|---|---|---|---|---|
| 1 | NSS Golden Jubilee | NSS 4th Unit | 8 | 50 |
| 2 | Mask Bank | NSS 4th Unit | 6 | 35 |
| 3 | Gandhi Jayanti and ShastriJayanti | NSS 4th Unit | 10 | 60 |
| 4 | Save Girl Child Oath | NSS 4th Unit | 15 | 100 |
| 5 | RajyaYuvaSansad | NSS 4th Unit | 1 | 1 |
| 6 | Mission Shakti Hindustan Samwad | NSS 4th Unit | 20 | 100 |
| 7 | ChoriChoraSatabadiSamaharo | NSS 4th Unit | 10 | 95 |
| 8 | Road Safety Rally | NSS 4th Unit | 10 | 80 |
| 9 | Fit India, Cycle Rally | NSS 4th Unit | 5 | 80 |
| 10 | Essay, Poster and Poem Competition | NSS 4th Unit | 6 | 100 |
| 11 | Dandi March - Poster Competion, Quiz | NSS 4th Unit | 10 | 60 |
| 12 | ArogyaSetu app awareness | NSS 4th Unit | 1 | 60 |
| 13 | Training for Girl's self defence | NSS 4th Unit | 10 | 50 |
| 14 | E-Poster and Rangoli Competition | NSS 4th Unit | 5 | 100 |
| 15 | Poster, Slogan and Essay Competion | NSS 4th Unit | 7 | 100 |
| 16 | Essay, Poem, Poster and RangoliCompetion. Rally for awareness | NSS 4th Unit | 5 | 100 |
| 17 | Speech, Poem and Singing Cutural Programme | NSS 4th Unit | 10 | 100 |
| 18 | Mental Health Awareness Seminar | NSS 4th Unit | 10 | 100 |
| 19 | Girls Health Awareness Seminar on PCOD Awareness | NSS 4th Unit | 10 | 52 |
| 20 | Awareness for Women Helpline Number | NSS 4th Unit | 5 | 60 |
| 21 | Rangoli and Poster making. | NSS 4th Unit | 6 | 55 |
| 22 | Speech on Women Empowerment | NSS 4th Unit | 6 | 55 |
| 23 | Door to Door Awareness for Covid Vaccination | NSS 4th Unit | 1 | 30 |
| 24 | Webinar for Covid Vaccination Awareness | NSS 4th Unit | 5 | 60 |

Gupta
Dr. Geeta Rani
P.O. N.S.S. IV

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 25 | Yoga Workshop | NSS 4th Unit | 6 | 52 |
| 26 | UttamAahar, UttamSwasthyaSangoshti | NSS 4th Unit | 10 | 52 |
| 27 | BetiBachooBetiPadhaoo Door to Door Awareness | NSS 4th Unit | 2 | 50 |
| 28 | Folk singing and Dancing Programme | NSS 4th Unit | 15 | 52 |
| 29 | Art, Craft and Beautician Workshop | NSS 4th Unit | 12 | 50 |
| 30 | Fire Brigade Protection Demo | NSS 4th Unit | 10 | 52 |
| 31 | Clothes Distribution | NSS 4th Unit | 2 | 52 |
| 32 | NukkadNatak | NSS 4th Unit | 5 | 50 |
| 33 | Health Awareness Seminar | NSS 4th Unit | 8 | 52 |
| 34 | School, Collge, Village Mask Distribution | NSS 4th Unit | 1 | 50 |
| 35 | JalSanchan | NSS 4th Unit | 8 | 52 |

Dr. Geeta Rani

(Program Officer, NSS Unit IV)

# महिला सुरक्षा व स्वास्थ्य पर पोस्टर प्रतियोगिता कराई गई



बड़ौत : नगर के जनता वैदिक कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा मिशन शक्ति के अंतर्गत महिला सुरक्षा, महिला सम्मान एंव बालिका स्वास्थ्य पर पोस्टर व स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने बढ़चढ़कर भाग लिया। छात्राओं ने विभिन्न कलाकृतियों द्वारा महिला सुरक्षा, स्वास्थ एवं पोषण पर अपने विचार रखे। पोस्टर प्रतियोगिता में शोभा ने प्रथम, चचंल ने द्वितीय तथा सुनेना ने तृतीय स्थान प्रापत किया। स्लोगन प्रतियोगिता में नेहा प्रथम, सोनिया द्वितीय तथा आइशा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के बाद डा. गीता रानी ने मिशन शक्ति के उद्देश्यों पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि महिलाओं एवं बालिकाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहना होगा। महिलाओं को अपना मनोबल भी ऊंचा रखने की जरूरत है। छात्राओं को महिला हेल्पलाइन नंबर के बारे में बताया। इस दौरान महाविद्यालय के परिवार व अभिभावकों को बालिका सुरक्षा शपथ दिलाइ गई। कार्यक्रम का संचालन डा. रश्मि निगम ने किया। इस मौके पर डा. रघुराज सिंह, डा. प्रशांत यादव, डा. सौरभ सिंह, डा. जोगेन्द्र सिंह, डा. ऐके शर्मा, डा. अनुपम, डा. शीतल बांग, डा. एमएस राठी आदि मौजद थे।

बालिका सुरक्षा शपथ ग्रहण करते हुए स्वयंसेवक



# छात्राओं को सम्मान व स्वाभिमान सुरक्षा के प्रति जागरूक किया



बड़ौत: नगर के जनता वैदिक कालेजों मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा बेटियों को सम्मान ,स्वाभिमान सुरक्षा के प्रति सजग करने के लिए शपथ समारोह का आयोजन कर प्रशिक्षण दिया गया है । कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलन एवं वन्दना वन्दना से किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एसडीएम दुर्गेश मिश्र, विशिष्ट अतिथि सीओ आलोक सिंह रहे। कार्यक्रम के दौरान आत्मविश्वास को बढ़ावा देते हुए छात्राओं को स्वयं की रक्षा के लिए प्रेरित किया । सीओ ने छात्राओं को सजगता और सुरक्षा के लिए प्रेरित किया ।अपने अधिकारों के प्रति सजग होकर अपने खिलाफ होने वाले अन्य के प्रति मुखर होकर आवाज उठाने एवं अपने अंदर आत्मविश्वास जागृत करने की प्रेरणा दी । एसडीएम ने आत्म रक्षा के लिए छात्राओं के मनोबल को बढ़ाने पर जोर देते हुए मिशन शक्ति के विषय मे बताया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्य डॉक्टर सतीश चंद शर्मा ने की ।उन्होंने छात्राओं को व्यक्तित्व के विकास के लिए आगे आने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर गीता रानी ने किया । कार्यक्रम अधिकारी डा . रश्मि निगम ,डा . रघुराज सिंह ,डा . प्रशांत यादव ने बेटियों के सम्मान , स्वाभिमान के लिए नियमों की जानकारी दी। एसआई रूबी उपाध्याय ने 1090महिला सहायता की जानकारी दी ।कार्यक्रम में डा . अलका रानी, डा . मदनपाल, डा . अरविंद त्यागी, डा . साधना तोमर, डा . नीलम राणा,डा . इन्दु,डा . रेनु आदि मौजूद थे।

# युवा दिवस के रूप में मनाई जयंती

● जनवाणी संवाददाता, बड़ौत

नगर के जनता वैदिक कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय इकाई द्वारा स्वामी विवेकानंद की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया। उधर नगर के सेंट संदीपन स्कूल में छात्राओं को तिलक किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत एवं ईश वंदना से की गई। मिशन शक्ति के तहत स्वयंसेवकों को बालिका सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ प्रशांत यादव ने युवाओं के प्रेरणा स्रोत तथा महान समाज सुधारक स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए स्वयंसेवकों को देश तथा समाज के प्रति उनके कर्तव्य के निर्वहन का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉक्टर तेजवीर सिंह तोमर ने सामाजिक सद्भाव और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर रघुराज सिंह ने किया। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के विचारों और दर्शन को भारत की महान सांस्कृतिक और पारंपरिक विरासत बताया। इस मौके पर प्राचार्य डा. सतीश चंद शर्मा, डा. रश्मि निगम, डा. एके शर्मा, डा. सौरभ, डा. शीतल, डा. महेन्द्र, उज्जवल पांडे, शिवम दिक्षित, अभिषेक, उज्जवल कुमार, आदि ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम को सफल बनाने में रिंकू, पारिक, शहराज, अविनाश, प्रदीप, आशीष आदि स्वयंसेवकों का योगदान रहा। उधर नगर के सेंट संदीपन स्कूल में स्वामी विवेकानंद जयंती को युवा दिवस के रूप में मनाया। इस अवसर स्कूल के प्रबंधक डा. संदीप आर्य ने छात्राओं को तिलक किया।

मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया



सेंट संदीपन स्कूल में छात्राओं को तिलक करते स्कूल प्रबंधक। ■ फोटो : जनवाणी



दिगंबर जैन कालेज में सम्मानित छात्र-छात्राएं। ■ फोटो : जनवाणी

बड़ौत : नगर के जनता वैदिक कालेज में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती युवा दिवस के उपलक्ष्य में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। गत 10 जनवरी को हुई स्वामी विवेकानंद सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया गया। स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को शील्ड और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बड़ौत नगर पालिका अध्यक्ष अमित राणा और विशिष्ट अतिथि के रूप में राकेश जिला संघ संचालक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और डॉ यशपाल शास्त्री प्राचार्य जाट इंटर कॉलेज रहे। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान दिगम्बर जैन इंटर कॉलेज के हरिओम गुप्ता, द्वितीय स्थान जोहर पब्लिक स्कूल के कार्तिक और तृतीय स्थान जोहर पब्लिक स्कूल के आयुष कुमार रहे।

कार्यक्रम में जिला संगठन मंत्री भूपेंद्र सिंह, जिला प्रमुख दीपक चौधरी, जिला सहप्रमुख आलका शर्मा, जिला सह संयोजक, अमन गुप्ता, आशु तोमर आदि मौजूद थे।

## 'दर्शन और इतिहास के विद्वान थे विवेकानंद'

● जनवाणी संवाददाता, शामली



सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज में स्वामी विवेकानन्द जयन्ती मनाई गई। इस दौरान वक्ताओं ने स्वामी विवेकानन्द के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके जीवन दर्शन को अनुकरणीय बताया। कार्यक्रम का शुभारम्भ सरस्वती वन्दना एवं स्वामी विवेकानन्द जी के चित्र के सम्मुख पुष्पार्चन से हुआ। आचार्य नसीम खान ने बताया कि स्वामी विवेकानन्द सम्पूर्ण विश्व को योग, वेदान्त, हिन्दुत्व तथा उसके जीवन दर्शन के सत्य स्वरूप से परिचय कराने वाले विश्व विख्यात महान आध्यात्मिक गुरु, महान वक्ता व विचारक, साहित्य, दर्शन और इतिहास के प्रकाण्ड विद्वान थे। उनके दार्शनिक विचार हम सभी भारतीयों को गौरवान्वित करते है, उनका जीवन दर्शन सभी के लिए अनुकरणीय है। प्रधानाचार्य आनन्द प्रसाद शर्मा ने स्वामी विवेकानन्द को एक महान व्यक्ति बताया तथा वर्तमान में उनके विचारों की प्रासंगिकता पर बल दिया। कार्यक्रम का संचालन आचार्य मोहर सिंह ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से संस्था के उपप्रधानाचार्य मलूक चन्द, मंयक हुड्डा, गता, नीटू कश्यप, अशोक कुमार, महेन्द्र सिंह, पवन कुमार, अंकुर कुमार, मधुवन शर्मा, पुष्पेन्द्र शर्मा सहित समस्त आचार्य उपस्थित रहे।

### स्वामी विवेकानंद का आचरण अनुकरणी: शर्मा

श्री सत्यनारायण इंटर कॉलेज में स्वामी विवेकानन्द की जयंती उल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर कॉलेज के प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा ने स्वामी विवेकानन्द के चित्र पर माल्यार्पण कर कहा कि स्वामी विवेकानन्द का आचरण अनुकरणीय है। हमें इनके जीवन आदर्शों को अपनाना चाहिए। जिससे देश का चहुंमुखी विकास हो। सभा को सतीश आत्रेय, लक्ष्मी गर्ग, छवि शर्मा तथा महेश नारायण गौड़ ने भी सम्बोधित किया। मंच का संचालन अनिल कुमार कश्यप ने किया। इस अवसर पर अश्वनी कुमार, घनश्याम सारस्वत, शिव कुमार, रामनाथ, अरविन्द जैन, घनश्याम वशिष्ठ, अक्षय जिन्दल, छवि शर्मा, नीतू अग्रवाल, संजना गर्ग, सारिका गर्ग, सोनिया सिंघल, साकेत निर्वाल, राहुल सिंघल, फूल कुमार, अमित ऐरन, मोहित मित्तल, अरविन्द कुमार, लोकेश वर्मा, गोपाल आदि समस्त स्टाफ रहा।

राष्ट्रीय युवा दिवस पर आयोजित संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए कार्यक्रम अधिकारी




राष्ट्रीय युवा दिवस पर आयोजित संगोष्ठी में अपने विचार व्यक्त करते हुए स्वयंसेवक



राष्ट्रीय मतदान पर पोस्टर
प्रतियोगिता में सम्मलित
स्वयंसेवक






# नेताजी के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया

● जनवाणी संवाददाता, बड़ौत

नेताजी सुभाषचन्द्र बोस जयंती की पूर्व संध्या पर नगर के वनस्थली पब्लिक स्कूल में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने नेताजी के बताए रास्ते पर चलने का संकल्प दोहराया।

गोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए प्रबंधकारिणी समिति के हर्षित जैन व आशीष जैन ने कहा कि वक्त बहुत बदल गया है। आज नहीं तो नेताजी सुभाषचंद्र बोस जैसे व्यक्ति रहे हैं और नही उनके आदर्शों की बात करने वाले लोग। आज हर कोई केवल अपने बारे में सोचता है, देश हित के बारे में बात करना तो सभी ने बंद ही कर दिया है।

उन्होंने कहा कि जयहिंद का नारा नेताजी द्वारा केवल इसलिए दिया गया था कि वे सभी देशवासियों को इस नारे के माध्यम से एक सूत्र में पिरोने का कार्य कर सकें। गोष्ठी में बोलते हुए संजय जैन व रोहित जैन ने कहा कि उड़ीसा के कटक में नेताजी सुभाषचंद्र बोस का जन्म 23 जनवरी 1897 को हुआ था। उन्होंने जापान के सहयोग से द्वितीय विश्व युद्ध में आजाद हिंद फौज तैयार की। देश के लिए अन्य देशों का समर्थन हासिल करने के लिए जब वे 18 अगस्त 1945 को विमान में सवार होकर रूस जा रहे थे तो उनका विमान लापता हो गया था। विमान लापता होने का यह रहस्य आज भी रहस्य ही बना हुआ है।

गोष्ठी में छात्र-छात्राओं ने नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प दोहराया। इस दौरान प्रधानाचार्य रणवीर सिंह, रेखा गौतम, रेशु, विन्नी, अंजलि, पूजा, मिनाक्षी, नईमा, प्रियंका, आकाश, संजय, शोभित, सक्षम, प्रियम, ज्योति, आकांशा, दीप्ति, प्रिया, सपना आदि विद्यार्थी मौजूद रहे।

## मतदाता जागरूकता अभियान चलाया

बड़ौत: नगर के जनता वैदिक कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम इकाई द्वारा राष्ट्रीय मतदान दिवस को लेकर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत तथा ईश वंदना से हुई। मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शस्य विज्ञान विभाग अध्यक्ष डॉ जयवीर तोमर ने संसदीय लोकतंत्र में मतदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रत्येक नागरिक को अपनी भूमिका निभाने की अपील की। डॉ तेजवीर सिंह तोमर ने लोकतंत्र मे युवाओं की भूमिका को रेखाकित करते हुए स्वयंसेवको से आह्वान किया कि जिन स्वयंसेवको ने जनवरी 2021 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर ली है वह मतदाता के रूप में अपना पंजीकरण अवश्य कस लें। इस अवसर पर आयोजित की गई पोस्टर प्रतियोगिता में योगेंद्र कुमार ने प्रथम, अविनाश ने द्वितीय तथा राकेश कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्लोगन प्रतियोगिता में शिवम दीक्षित ने प्रथम, धीरेन्द्र ने द्वितीय तथा विवेक वर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता मे गौरव ने प्रथम, विपुल ने द्वितीय व मनीष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मण्डल मे डॉ मुकेश कुमार, डॉ धर्मेन्द्र कुमार व डॉ सौरव सिंह रहे। कार्यक्रम अधिकारी डॉ रघुराज सिंह ने निर्णायक मंडल के सभी सदस्यों को शुभकामानाएं दी व स्वयंसेवको से भारतीय लोकतन्त्र को मजबूत बनाने में अपनी भूमिका निभाने का आहान किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रवि,अजीत, सुभाष, सहराज, पारिक, विनीत, सुरेंद्र, आशीष, विक्रान्त आदि का विशेष योगदान रहा।

नेताजी सुभाषचन्द्र बोस की जयन्ती के अवसर पर आयोजित संगोष्ठी में विचार व्यक्त करते हुए स्वयंसेवक






पराक्रम दिवस पर आयोजित संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए कार्यक्रम अधिकारी

राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जागरूकता रैली को रवाना करते अतिथिगण



कालेज परिसर की साफ-सफाई करते हुए स्वयंसेवक





गणतन्त्र दिवस के अवसर पर प्रतिभाग करते स्वयंसेवक





डा. भुजवीर, एसीएमओ डा. दीपा सिंह, डा. संजीव साहू, प्रेम कुमार, सूरज, डा. उमर, अनिल कुमार मौजूद रहे।

## शहीद दिवस मनाकर राष्ट्रपिता को अर्पित किए श्रद्धासुमन

**संवाद सहयोगी, बड़ौत** : विभिन्न कालेजों के राष्ट्रीय सेवा योजना शिविरों में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि शहीद दिवस के रूप में मनाई गई।

शनिवार को जनता वैदिक कालेज बड़ौत में रासेयो की प्रथम व चतुर्थ इकाई एवं नेहरू युवा केंद्र द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित शिविर में शहीद दिवस मनाया गया। कालेज प्राचार्य डा. सतीश चंद शर्मा एवं डा. उर्वेंद्र ने महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। कार्यक्रम अधिकारी डा. रघुराज सिंह व चतुर्थ इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डा. गीता रानी ने कहा कि गांधी जी बहुआयामी प्रतिभा के धनी थे। अहिंसा, सत्य, मानव प्रेम आदि उच्च मूल्य उन्हीं के दर्शन की सौगात हैं। द्वितीय सत्र मे स्वयं सेविकाओं ने कालेज प्रांगण मे श्रमदान किया। स्वयंसेविकाओं ने पलकी शर्मा, विधि, शालू, अंजली, पूजा, तान्या, काजल, मनीष, दानिश,




जनता वैदिक डिग्री कालेज में महात्मा गांधी की पुण्यतिथि मनाते शिक्षक और छात्राएं • सौ. शिक्षक

दिनेश मलिक आदि शामिल रहीं। उधर, जैन स्थानकवासी गर्ल्स डिग्री कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की द्वितीय इकाई का दूसरा एक दिवसीय शिविर कार्यक्रम अधिकारी डा. प्रवीता के निर्देशन में आयोजित किया गया। शारीरिक व्यायाम के बाद स्वयं सेविकाओं ने विद्यालय परिसर व आसपास श्रमदान कर साफ-सफाई की।

प्रथम चरण में 'कोविड-19, बचाव व इलाज' विषय पर स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें अंजलि ने प्रथम, अंजू ने द्वितीय व रजिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। दूसरे चरण में सीएचसी अधीक्षक डा. विजय कुमार ने स्वयं सेविकाओं को कोविड गाइडलाइन की जानकारी दी और कोरोना वैक्सीन के प्रति फैले भ्रम को दूर करने का आह्वान किया।

शिविर के अंत में स्वयं सेविकाओं ने शहीद दिवस मनाया और देशभक्ति के गीतों से समा बांधा। शिविर में रिया मलिक, मनीषा, साक्षी, मानसी, रिया तोमर आदि ने भाग लिया।

शहीद दिवस पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कार्यक्रम अधिकारी



स्वच्छता अभियान में भाग लेते स्वयंसेवक



कॉलेज परिसर में श्रमदान करते स्वयंसेवक



# वंदे मातरम् गीत के माध्यम से रासेयो ने शहीदों को याद किया

## मुख्य मार्गों से सड़क सुरक्षा रैली निकाली गई

• जनवाणी संवाददाता, बड़ौत

नगर के जनता वैदिक कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा वंदे मातरम गीत के माध्यम से अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान अमर शहीदों की कुर्बानी को हमेशा याद रखने का संकल्प लिया और सड़क सुरक्षा रैली निकाली गई।

चौरी-चौरा शताब्दी समारोह के अन्तर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन द्वारा इस ऐतिहासिक घटना से जुड़े शहीदों की वीर गाथाओं से जनमानस को रूबरू कराया गया। यह घटना आजादी के आंदोलन में परिवर्तन कारी सिद्ध होगी। घटना के दौरान 22 पुलिस कर्मियों की जलकर मौत हो जाने के बाद 172 लोगों को फाँसी की सजा सुनाई गई थी। पंडित मदन मोहन मालवीय की पैरवी से कुछ लोग फाँसी की सजा से बच गए थे। इन लोगों में से कुछ को काले पानी की सजा दी गई थी। मुख्यमंत्री आदित्य नाथ योगी की पहल पर आयोजित शताब्दी वर्ष के अवसर पर फाँसी के फंदे को चूमने वाले वीर शहीदों को और उनके परिजनों को सम्मान दिया जाएगा। वहीं राष्ट्रीय सेवा योजना चतुर्थ इकाई की स्वयं सेविकाओं के द्वारा सड़क सुरक्षा रैली निकाली गई जिसका शुभारंभ कॉलेज प्राचार्य डॉक्टर सतीश चन्द्र शर्मा द्वारा किया गया। सड़क सुरक्षा को अपनाना है, जीवन को बचाना है, हेलमेट को लगाइये, दुर्घटना दूर भगाइये, सड़क सुरक्षा की है यही पुकार, हेलमेट लगाओ हर बार बार, अच्छे नागरिक की पहचान नियमों का करें पालन जैसे जन जागरूकता नारे लगाए। रैली [illegible] से होते हुए विभिन्न मार्गों से होते कॉलेज पर संपन्न हुई। लोगों को यातायात नियमों की जानकारी भी दी गई। यातायात नियम संबंधी शपथ भी ली गयी। कॉलेज प्रांगण में यातायात नियमों को चित्रित करती सुन्दर-सुंदर रंगोली बनायी। कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर नीता रानी, पुलिस अधिकारी एन पी सिंह, आनंद कुमार, नितिन नागर, अतुल कुमार, आकाश सैनी, डॉक्टर रघुराज सिंह, डॉक्टर प्रशांत यादव, डॉक्टर डा अलका रानी, डा नीलम राणा, डा प्रताप चौधरी, डा धर्मेन्द्र, डा अमित पांडेय, डा अनिल परिहार, [illegible] शर्मा, पूजा, अंजली, खिथि नेहा, मुस्कान, प्रिया उज्ज्वल, किरण, सोनिया आदि मौजूद थे। उधर जैन कॉलेज में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने विभिन्न रंगों से सुंदर रंगोली बनाई।



जेवी कॉलेज से रैली निकालती छात्राएं। • छाया - जनवाणी

# चौरी चौरा शताब्दी पर याद किए गए शहीद

जागरण संवाददाता, बड़ौत : चौरी चौरा शताब्दी के शुभारंभ पर शहीदों को याद करते हुए क्षेत्र की शिक्षण संस्थाओं में जागरूकता रैली और प्रभात फेरी निकाली गई।

शहर के जनता वैदिक कालेज में चौरी चौरा शताब्दी के शुभारंभ पर वीर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। प्राचार्य डाक्टर सतीश चंद शर्मा ने बताया कि चौरी चौरा शताब्दी समारोह के अंतर्गत साल भर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन चौरी चौरा की ऐतिहासिक घटना से जुड़े शहीदों की वीर गाथाओं से जनसामान्य को रूबरू कराया जाएगा। इस दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डाक्टर गीता रानी, डाक्टर रघुराज सिंह, डाक्टर प्रशांत यादव, डाक्टर अलका रानी, डाक्टर नीलम राणा, डाक्टर प्रताप चौधरी, डाक्टर उर्वेंद्र, डाक्टर अमित पांडेय, डाक्टर अनिल परिहार आदि मौजूद रहे। उसके बाद राष्ट्रीय सेवा योजना चतुर्थ इकाई की स्वयं सेविकाओं ने सड़क सुरक्षा रैली निकाली। इस दौरान पलकी शर्मा, पूजा, अंजली, विधि, नेहा, मुस्कान, प्रिया, किरण, सोनिया आदि मौजूद रही। बावली गांव में शहीद स्मारक पर सेवानिवृत्त फौजियों ने भी शहीदों को याद किया। सेवानिवृत सूबेदार मेजर शीशपाल सिंह, ब्रजपाल सिंह, कृष्णपाल सिंह, धर्मपाल सिंह, सोहनबीर सिंह, महेंद्र सिंह, सत्यपाल सिंह, रामपाल सिंह, रणबीर सिंह, हरपाल सिंह, राजबीर सिंह, ग्राम सचिव रेशू, सुमन, कुनाल तोमर आदि मौजूद रहे। तेड़ा गांव के आर्य विद्यालय इंटर कालेज के स्काउट एंड गाइड के छात्र-छात्राओं ने चौरी चौरा के शुभारंभ पर प्रभात फेरी निकाली।



तेड़ा गांव में चौरी चौरा शताब्दी दिवस पर प्रभात फेरी निकालते विद्यार्थी • जागरण



बड़ौत के जनता वैदिक कालेज में सलामी देती शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं • जागरण

चौरी-चौरा जन आन्दोलन शताब्दी समारोह में प्रतिभाग करते स्वयंसेवक



# रासेयो की प्रथम इकाई ने पर्यावरण और जल संरक्षण कार्यक्रम किए

● जनवाणी संवाददाता, बड़ौत

जनता वैदिक कालेज बड़ौत की राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम इकाई द्वारा तृतीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्यगीत तथा ईश वंदना से किया गया। इसके बाद राष्ट्रीय गीत वंदेमातरम का गायन कर स्वयंसेवकों ने चौरी चौरा जन आंदोलन को याद किया।



बड़ौत के जेवी कालेज के रासेयो की प्रथम इकाई के शिविर में सफाई करते छात्र।

पर्यावरण एवं जल संरक्षण पर एक स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें सहराज खान ने प्रथम, पारिक मलिक ने द्वितीय तथा विपुल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। शिविर के माध्यम से पर्यावरण एवं जल संरक्षण पर एक रैली का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ सतीश चंद्र शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। यह रैली बिजरौल रोड, पटेल नगर, मधुबन कॉलोनी, रामबाग कॉलोनी, बिनौली रोड से होते हुए पुनः कॉलेज परिसर में समाप्त हुई। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में पर्यावरण एवं जल संरक्षण पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी शस्य विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ जयवीर तोमर ने जल का महत्व बताया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ राजेश गुप्ता ने मनुष्य द्वारा प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध एवं अविवेक पूर्ण उपयोग को पर्यावरण प्रदूषण का मुख्य कारण बताते हुए अपनी आवश्यकताओं को सीमित रखने की बात की। डॉ सौरभ सिंह ने जल के मितव्ययितापूर्ण उपयोग पर बल दिया। डॉ योगेंद्र सेन ने पॉलिथीन का प्रयोग न करने की सलाह दी। कार्यक्रम अधिकारी डॉ रघुराज सिंह ने पर्यावरण एवं जल संरक्षण के प्रचार-प्रसार में स्वयंसेवकों की भूमिका पर प्रकाश डाला। भारत व राजकुमार आदि स्वयंसेवकों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। स्वयंसेवकों ने कॉलेज परिसर में श्रमदान कर पर्यावरण स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रवि, जितेंद्र, सुभाष गंगवार, रोहित, जयदेव, धीरेन्द्र, अविनाश, आदि का योगदान रहा।

पर्याबरण एवं जल सरक्षण पर आयोजित जनजागरूकता रैली को रवाना करते प्राचार्य जी




पर्याबरण एवं जल सरक्षण पर जन जागरूकता रैली निकालते स्वयंसेवक



अन्तर्राष्ट्रीय मातृभाषा कार्यक्रम के अन्तर्गत आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते कार्यक्रम अधिकारी




अन्तर्राष्ट्रीय मातृभाषा सप्ताह कार्यक्रम पर आयोजित संगोष्ठी में अपने विचार रखते हुए स्वयंसेवक



# जेवी कालेज रासेयो की प्रथम इकाई ने मनाया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

● जनवाणी संवाददाता, बड़ौत

जनता वैदिक कॉलेज बड़ौत की राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम इकाई द्वारा अपना चौथा एक दिवसीय शिविर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में महिला सम्मान पर एक स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें रिंकू ने प्रथम सहराज ने द्वितीय तथा सुभाष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महिला सशक्तिकरण पर हुईभाषण प्रतियोगिता में रवि ने प्रथम दीनूराम ने द्वितीय तथा अभय प्रताप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर एक विचार गोष्ठी आयोजित की गई। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए डॉ अनुपम तिवारी ने महिला हेल्पलाइन तथा अन्य प्रचलित कानूनों की जानकारी दी। डॉ जयवीर तोमर ने महिलाओं को अपनी शक्ति पहचानने और एक होकर कार्य करने पर बल दिया। डॉ तेजवीर सिंह तोमर ने महिलाओं को मानवीय, संवेदना, करुणा, वात्सल्य जैसी गुणों से परिपूर्ण बताते हुए उन्हें संस्कृति की रक्षक व वाहक बताया। डॉ सौरभ कुमार सिंह ने कन्या भ्रूण हत्या को सामाजिक अभिशाप बताते हुए समाज को इसके प्रति जागृत करने की आवश्यकता पर बल दिया।



कार्यक्रम को संबोधित करता स्वयं सेवक।

डॉ मुकेश ने महिलाओं के सशक्तिकरण में शिक्षा की भूमिका को रेखांकित करते हुए बालिका शिक्षा पर जोर देने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ रघुराज सिंह ने किया। उन्होंने महिलाओं को पुरुषों की अपेक्षा अधिक ईमानदार, मेहनती व मानवीय बताया। स्वयंसेवक शिवम दीक्षित व पंकज कुमार ने कविता का पाठ कर महिलाओं के प्रति सम्मान व्यक्त किया। कार्यक्रम में सत्य प्रकाश,अभय प्रताप,पारिक मलिक, रवि, ज्ञान प्रकाश,अजय शर्मा आदि रहे।

अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित संगोष्ठी मे विचार व्यक्त करते हुए स्वयंसेवक






# आजादी अमृत महोत्सव पर किया अमर शहीदों को याद

बड़ौत( धारा न्यूज )। जनता वैदिक कालेज बडौत में राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा स्वतंत्रता दिवस की 75वी वर्षगाँठ को आज़ादी अमृत महोत्सव का शुभारंभ दान्डी मार्च की 91वी वर्षगाँठ मना कर किया । सर्वप्रथम कालेज प्राचार्य डा सतीश चन्द शर्मा एवं डा अलका रानी ने संयुक्त रूप से माँ भारती के अमर सपूतों की याद में दीप प्रज्वलित करके श्रद्धांजलि अर्पित की ।

आज़ादी के दीवानों की याद में वन्दे मातरम् का सुमधुर प्रस्तुतिकरण नेहा गगन द्वारा किया गया ।प्राचार्य डॉ सतीश चन्द शर्मा ने कहा कि स्वाधीनता संग्राम के अमर सेनानियों के त्याग,पराक्रम और शौर्य के कारण ही आज हम आज़ाद भारत के नागरिक हैं ।उन्होंने ज्ञात-अज्ञात अमर बलिदानियों को नमन करते हुए युवाओं को देश भक्ति के लिए प्रेरित किया ।ऐतिहासिक दांडी मार्च के विषय में जानकारी देते हुए गांधी जी के विचार एवं दर्शन पर चर्चा की ।डा अलका रानी ने कहा कि युवाओं को आगे बढ़कर एक जुट होकर भारत को और अधिक समृद्ध बनाना है ।

कार्यक्रम संचालिका डा गीता रानी ने कहा कि अमृत महोत्सव के माध्यम से देश के अमर सपूतों को श्रद्धा सुमन अर्पित कर जन सामान्य में वीरों के बलिदानों की वीरगाथाओं



के माध्यम से जन मानस के मन में राष्ट्र प्रेम की भावना का संचार करना है। नेहा गगन,पूजा मान ने मनमोहक देश भक्ति के जज़्बे को उकेरती रंगोली बनायी ।प्राचार्य जी ने मुक्त कंठ से रंगोली की सराहना करते हुए दोनों बेटियों को आशीर्वाद दिया ।कार्यक्रम में विधि , पूजा, नेहा, दीपिका,उज्वल, शिवम, दीनूराम, राजाराम,रवि आदि ने शहीदों की याद में देश भक्ति से ओतप्रोत विचार एवं गीत प्रस्तुत किए । संगोष्ठी में डा नीलम राणा,डा रश्मि निगम,डा रघुराज सिंह,डा प्रशान्त यादव,डा अनिल परिहार ने अमृत महोत्सव के विषय में अपने विचार प्रस्तुत किए ।

माइन्ड सेलो कार्यक्रम के अन्तर्गत मानसिक स्वास्थ्य पर व्याख्यान देते हुए अतिथि




मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण पर व्याख्यान देती अतिथि महोदया



जल एवं पर्यावरण संरक्षण पर आयोजित संगोष्ठी मे विचार रखते हुए स्वयंसेवक




जल एवं पर्यावरण संरक्षण पर आयोजित संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए अतिथिगण



योगाभ्यास करते स्वयंसेवक





मतदान जागरूकता एवं जनसंख्या
नियन्त्रण पर जन- जागरूकता
रैली निकालते हुए स्वयंसेवक




वृक्षारोपण करते स्वयंसेवक



मलिन बस्ती में नालियों की सफाई करते स्वयसेवक





मलिन बस्ती मे श्रमदान करते स्वयसेवक

बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ विषय पर जनजागरूकता रैली निकालते स्वयंसेवक







महिला सशक्तिकरण पर जागरूकता रैली निकालते स्वयंसेवक

आपदा प्रबन्धन पर आयोजित प्रशिक्षण सत्र में प्रशिक्षण प्रदान करते आपदा प्रबन्धन अधिकारी






आग पर नियन्त्रण पाने का प्रशिक्षण ग्रहण करते स्वयंसेवक


राष्ट्रीय सेवा योजना
द्वितीय इकाई



**Mask distribution in slum area under**
**Covid-19 awareness program**



**Self Defence training by Marshal-art trainer to NSS unit II volunteer**



Slogan writting under Beti Bachao Beti Padhao Awareness program by NSS unit II volunteer






Bicycle rally by NSS Unit II volunteer
under Fit India Movement



**Plantation by NSS volunteer under Environment Conservation Program**


Poster competition on
Environment Conservation
by NSS volunteer Unit II


राष्ट्रीय सेवा योजना
द्वितीय इकाई
जनता वैदिक कालेज

# स्लोगन में दीपिका, जीतू व राची अव्वल

● जनवाणी संवाददाता, बड़ौत

नगर के जनता वैदिक कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना (द्वितीय इकाई) के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया। प्रथम दिन स्वयं सेविकाओं को योगाभ्यास कराया गया तथा स्वयं सेविकाओं की पांच टोलियां बनाई गई ।

शिविर का शुभारंभ लक्ष्य गीत से किया गया। स्वयं सेविकाओं को पांच टोलिया में बांटा गया। जिनके नाम लक्ष्मीबाई, सरोजिनी नायडू, पद्मावती, मदर टेरेसा और इंदिरा गांधी रखे गए। प्रत्येक टोली की एक टीम लीडर बनाई गई। सभी ग्रुप लीडर को उनके कार्य सौंपे गए।

पूरी राष्ट्रीय सेवा योजना द्वितीय इकाई का एक लीडर बनाया गया।इसके पंश्चात जनता वैदिक कॉलेज के प्राचार्य डॉ सतीश चन्द्र शर्मा जी ने राष्ट्रीय सेवा योजना द्वितीय इकाई के सभी प्रतिभागी छात्राओं को हरी झंडी दिखाकर दयानन्द बाल विद्या मंदिर के लिए रवाना किया। कॉलेज की गरिमा और अनुशासन बनाए




जेवी कालेज से रैली निकालते एनएसएस छात्राएं। ■ छाया : जनवाणी

रखने का निर्देश देकर सात दिवसीयशिविर को पुरा करने के लिए शुभकामनाएं दीं। छात्राओं को प्राचार्य द्वारा हरी झंडी दिखाते समय कार्यक्रम अधिकारी डॉ रश्मि निगम, डॉ जोगेंद्र सिंह, डॉ सौरभ, डॉ मुकेश, डॉ एमएस राठी, डॉ अनुपम, डॉ एके शर्मा आदि उपस्थित रहे।

छात्राएं रैली निकालते हुए एवं सड़क सुरक्षा नारे लगाते हुए बावली रोड चौपला पहुंची । जिसके बाद वहां से दयानंद बाल विद्या मंदिर पहुंची। प्रथम सत्र में स्वयं सेविकाओं की सड़क सुरक्षा से संबंधित एक स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया,जिसमे छात्राओं ने प्रेरक स्लोगन के माध्यम से लोगो को जागरूक करने का संकल्प लिया।इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर दीपिका पांचाल,द्वितीय स्थान पर जीतु मालिक, तृतीय स्थान पर राची रही। द्वितीय सत्र में स्वयं सेविकाओं द्वारा श्रमदान कर शिविर स्थल पर सफाई अभियान चलाया गया।

DROPS





दयानंद बाल विद्या मंदिर में योगाभ्यास करतीं छात्राएं। संवाद

# योगाभ्यास कर स्वस्थ रहने का दिया संदेश

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**बड़ौत।** दयानंद बाल विद्या मंदिर बावली रोड में जेवी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की द्वितीय इकाई के शिविर में चौथे दिन स्वयं सेविकाओं ने सरस्वती वंदना, लक्ष्यगीत, रासेयो गीत के साथ शिविर का शुभारंभ किया।

योगाचार्य लवकुश सिंह ने स्वयं सेविकाओं को योग प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ रश्मि निगम ने स्वयं सेविकाओं को प्रतिदिन योग करने के लिए प्रेरित किया। प्रथम सत्र में स्वयं सेविकाओं ने श्रमदान कर शिविर स्थल की साफ-सफाई व पौधों की सिंचाई की।

## द्वितीय सत्र में नशा मुक्ति विषय पर आयोजित की गई निबंध प्रतियोगिता

द्वितीय सत्र में नशा मुक्ति विषय पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में नेहा ने प्रथम, रितिका ने द्वितीय व ईशा शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में डॉ मुकेश कुमार, डॉ सौरभ सिंह शामिल रहे। कार्यक्रम में डॉ जोगेंद्र सिंह, लवकुश, कृष्णपाल, नितिन का योगदान रहा।

# रोवर्स रेंजर के शिविर का हुआ समापन

**छपरौली।** चौ. चरण सिंह राजकीय महाविद्यालय छपरौली बागपत के प्रांगण में रोवर्स /रेंजर के शिविर का समापन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में प्राचार्य डा. मोनिका सिंह रही। कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत रोवर्स रेंजर्स ने स्वागत गीत के साथ की। इसके पश्चात् महाविद्यालय के प्राचार्य डा. प्रतीत कुमार ने मुख्य अतिथि डा. मोनिका सिंह को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। उन्होंने रोवर्स रेंजर्स के प्रशिक्षु डा. रामकिशन शर्मा ने अनुशासन, समर्पण टीम भावना एवं आपात स्थितियों से निपटने के तमाम अनुभव सिखाएं। सभी रोवर्स रेंजर्स ने अपनी अपनी टीम बनाकर तंबू लगाए जिसका निरीक्षण मुख्य अतिथि व महाविद्यालय के अध्यापकों ने किया। सभी टोलियों ने स्वंनिर्मित भोजन भी तैयार किया। रोवर रेंजर को लेडर एवं ट्रेसिंग ब्रिज बनाना भी सिखाया। शिविर में इरम ,जासमीन, मिस्बा ,पूजा ,वर्षा ,नेहा, तालिब, मनीष आदि उपस्थित रहे।

# रासेयो शिविर में हुए विभिन्न कार्यक्रम

**बड़ौत।** रासेयो द्वितीय इकाई जनता वैदिक कॉलेज बड़ौत के सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन का शुभारंभ ईश वन्दना, लक्ष्यगीत एवं राष्ट्रीय सेवा योजना गीत से किया गया। इसके उपरांत छात्राओं को योगाभ्यास कराया गया। विश्व शांति के लिये स्वयं सेविकाओं ने यज्ञ किया। इसके अलावा रैली भी निकाली गई। इस अवसर पर विनोद भारद्वाज, राजकुमार, नितिन, कृष्णपाल आदि उपस्थित रहे। छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए। अंत में स्वयं सेविकाओं की कोविड 19 विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता रखी गई, जिसमे पांचों टोलियो ने पोस्टर बनाए। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर लक्ष्मीबाई टोली, द्वितीय स्थान पर इंदिरा टोली,एवं तृतीय स्थान पर पद्मावती टोली रही।द्वितीय दिवस का समापन राष्ट्रगान द्वारा किया गया।

# लक्ष्य गीत व मार्शल आर्ट के जरिये लिया प्रशिक्षण



बडौत( धारा न्यूज )। सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन का शुभारंभ ईश वन्दना, लक्ष्यगीत एवं राष्ट्रीय सेवा योजना गीत से हुई बाद में छात्राओं को योगाभ्यास कराया गया।

जनता वैदिक कालेज की एन एस एह की छात्राओं ने विश्व शांति के लिये कार्यक्रम अधिकारी डॉ रश्मि निगम के नेतृत्व में यज्ञ किया एवं आसपास के वातावरण को शुद्ध किया ।

इस अवसर पर श्री विनोद भारद्वाज, श्री राजकुमार,नितिन, कृष्णपाल,आदि उपस्थित रहे।प्रथम सत्र में सभी स्वयं सेविकाएं,रैली निकालती हुई वार्ड नं 11 पट्टी चौधरान में जाकर मलिन बस्ती में गरीब लोगों को गरम कपड़े , शॉल एव मास्क वितरित किए तथा साथ ही 40 घरों की विभिन्न समस्याओं पर सर्वे किया । कॉलोनी की कुछ महिलाओं एवं बुजुर्गो ने अपने मोहल्ले की समस्याओं को लेकर कार्यक्रम अधिकारी डॉ रश्मि निगम व स्वयं सेविकाओं से खुलकर बातचीत की।

सर्वे में सोनिया , राची, तनु,अनमता, ईशा , दीपिका , आयशा नेहा , फिरदोश खानम ,यशोदा ,नगमा,सरिता आदि का विशेष सहयोग रहा।

द्वितीय सत्र में मार्शल आर्ट, ट्रेनर राजविपिनऔर उनके सहयोगी ने छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए एवं आत्मरक्षा का प्रशिक्षण प्रदान किया। उन्होंने स्वयं सेविकाओं को विभिन्न विषम परिस्थितियों में अपने बचाव के लिए किस प्रकार मार्शल आर्ट्स तकनीकों का उपयोग कर सकते है ,प्रदर्शन करके दिखाया। इस अवसर पर छात्राओं ने सीखे गए गुरो का अभ्यास भी किया ।इस आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम में विनोद भारद्वाज तथा दयानंद बाल विद्या मंदिर का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा 7 स्वयं सेविकाओं की कोविड 19 विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता रखी गई, जिसमे पांचों टोलियो ने पोस्टर बनाए। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर लक्ष्मीबाई टोली, द्वितीय स्थान पर इंदिरा टोली,एवं तृतीय स्थान पर पद्मावती टोली रही।द्वितीय दिवस का समापन राष्ट्रगान द्वारा किया गया।

नों पर नहीं लगा



रासेयो शिविर में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करती छात्राएं। संवाद

# स्वयं सेविकाओं ने किया जागरूक

संवाद न्यूज एजेंसी

बड़ौत। दयानंद बाल विद्या मंदिर बावली रोड पर जेवी कॉलेज के चल रहे सात दिवसीय शिविर के छठे दिन रविवार को स्वयं सेविकाओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को कन्या भ्रूण हत्या, दहेज प्रथा आदि के प्रति जागरूक किया।

स्वयं सेविकाओं ने मां सरस्वती वन्दना, लक्ष्य गीत, एवं रासेयो गीत से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ रश्मि निगम ने कन्या भ्रूण हत्या को पाप बताया। स्वयं सेविकाओं ने नगर की बावली रोड, पटटी चौधरान आदि इलाकों में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर लोगों को जागरूक किया। स्वयं सेविकाओं ने दहेज हत्या, बेटा-बेटी में भेदभाव,

## दयानंद बाल विद्या मंदिर में चल रहा है सात दिवसीय शिविर

बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ विषय पर नाटिका प्रस्तुत की।

नाटक में प्रथम स्थान पर लक्ष्मीबाई टोली रही, जिसमें नेहा, आयशा, राची, तनु, सोनिया विशाखा, शिखा, रितिका, तेजस्वनी आदि छात्राएं मौजूद रही। द्वितीय सत्र में नारी सुरक्षा एवं नारी सम्मान पर स्वयं सेविकाओं की एक भाषण प्रतियोगिता हुई।

जिसमें प्रथम स्थान पर दीपिका, द्वितीय स्थान पर राची, एवं तृतीय स्थान पर नेहा रही। डॉ. एमएस राठी ने नारी सुरक्षा पर अपने विचार रखे। डॉ. एके शर्मा ने महिला हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दी।

# पोस्टर प्रतियोगिता में ईशा व स्लोगन में नेहा रही प्रथम



बड़ौत (धारा न्यूज)। सप्त दिवसीय एनएसएस के विशेष शिविर में तीसरे दिन का शुभारंभ सरस्वती वन्दना, लक्षयगीत व राष्ट्रीय सेवा योजना गीत के साथ हुआ। कार्यक्रम अधिकारी डॉ रश्मि निगम ने आज का विचार हरियाली और खुशहाली के बारे में स्वयं सेविकाओं को जानकारी दी।

प्रथम सत्र में स्वयं सेविकाओं ने श्रमदान कर अपने शिविर स्थल में एवं आसपास सफाई अभियान चलाया और स्वच्छता का संदेश दिया बाद में कार्यक्रम अधिकारी डॉ रश्मि निगम ने सभी स्वयं सेविकाओं द्वारा दयानंद बाल विद्या मंदिर में वृक्षारोपण कराया। वृक्षारोपण के समय विनोद भारद्वाज, राजकुमार, डॉ ए. के.शर्मा, डॉ एम एस राठी आदि उपस्थित रहे।

स्वयं सेविकाओं ने पेड़ लगाकर यह संदेश दिया कि हम सभी को पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए एक वृक्ष अपने जीवन में अवश्य लगाना चाहिए। इसके पश्चात स्वयं सेविकाओं ने आसपास के पेड़ पौधों को पानी दिया।भोजन के उपरान्त द्वितीय सत्र में कार्यक्रम अधिकारी ने सभी स्वयं सेविकाओं को पर्यावरण संरक्षण एवं जल संरक्षण के बारे में जानकारी दी। छात्राओं की पर्यावरण एवं जल संरक्षण पर पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता रखी गई,जिसमें पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर ईशा शर्मा,द्वितीय स्थान पर प्रिया शर्मा, एवं तृतीय स्थान पर यशोदा रही।स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर नेहा, द्वितीय स्थान पर अनमता खान एवं तृतीय स्थान पर साक्षी रही। निर्णायक मंडल की भूमिका में डॉ एम एस राठी, डॉ ए के शर्मा, डॉ हीरालाल आदि उपस्थित रहे।अंत में कार्यक्रम में छात्राओं को मंच प्रदान किया गया, उन्होंने पर्यावरण एवं जल संरक्षण पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम में डॉ ए के शर्मा ने भी अपने विचार रखे तथा कहा कि प्लास्टिक प्रदूषण से हमारे पर्यावरण को काफी नुकसान हो रहा है, इसलिए इसके उपयोग से बचना चाहिए, और पर्यावरण संरक्षण के लिए यह संदेश दिया कि हम सभी व्यक्तियों को अपने जीवन में कम से कम एक वृक्ष लगाने का संकल्प अवश्य लेना चाहिए।




राष्ट्रीय सेवा योजना
द्वितीय इकाई
जनता वैदिक कालेज

# स्लोगन में दीपिका, जीतू व राची अव्वल

• जनवाणी संवाददाता, बड़ौत

नगर के जनता वैदिक कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना (द्वितीय इकाई) के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया। प्रथम दिन स्वयं सेविकाओं को योगाभ्यास कराया गया तथा स्वयं सेविकाओं की पांच टोलियां बनाई गई ।

शिविर का शुभारंभ लक्ष्य गीत से किया गया। स्वयं सेविकाओं को पांच टोलिया में बांटा गया। जिनके नाम लक्ष्मीबाई, सरोजिनी नायडू, पद्मावती, मदर टेरेसा और इंदिरा गांधी रखे गए। प्रत्येक टोली की एक टीम लीडर बनाई गई। सभी ग्रुप लीडर को उनके कार्य सौंपे गए।

पूरी राष्ट्रीय सेवा योजना द्वितीय इकाई का एक लीडर बनाया गया।इसके पंश्चात जनता वैदिक कॉलेज के प्राचार्य डॉ सतीश चन्द्र शर्मा जी ने राष्ट्रीय सेवा योजना द्वितीय इकाई के सभी प्रतिभागी छात्राओं को हरी झंडी दिखाकर दयानन्द बाल विद्या मंदिर के लिए रवाना किया। कॉलेज की गरिमा और अनुशासन बनाए




जेवी कालेज से रैली निकालते एनएसएस छात्राएं। ■ छाया : जनवाणी

रखने का निर्देश देकर सात दिवसीयशिविर को पूरा करने के लिए शुभकामनाएं दीं। छात्राओं को प्राचार्य द्वारा हरी झंडी दिखाते समय कार्यक्रम अधिकारी डॉ रश्मि निगम, डॉ जोगेंद्र सिंह, डॉ सौरभ, डॉ मुकेश, डॉ एमएस राठी, डॉ अनुपम, डॉ एके शर्मा आदि उपस्थित रहे।

छात्राएं रैली निकालते हुए एवं सड़क सुरक्षा नारे लगाते हुए बावली रोड चौपला पहुंची । जिसके बाद वहां से दयानंद बाल विद्या मंदिर पहुंची। प्रथम सत्र में स्वयं सेविकाओं की सड़क सुरक्षा से संबंधित एक स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया,जिसमे छात्राओं ने प्रेरक स्लोगन के माध्यम से लोगो को जागरूक करने का संकल्प लिया।इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर दीपिका पांचाल,द्वितीय स्थान पर जीतू मालिक, तृतीय स्थान पर राची रही। द्वितीय सत्र में स्वयं सेविकाओं द्वारा श्रमदान कर शिविर स्थल पर सफाई अभियान चलाया गया।



वाद



जनता वैदिक कॉलेज में आयोजित शिविर में दौड़ लगातीं छात्राएं। संवाद

टर हर्षित
ने प्रतिभाग

नीटर एयर
और पंकज
र पिस्टल
र्ण पदक
नाम रोशन

अब 23
णा में होने
शूटिंग
ग करेंगे।
ड़ियों का
या गया।
चिन राणा,
र, विक्रांत

# प्रतियोगिताओं में दिखाया दमखम

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**बड़ौत।** जनता वैदिक कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की द्वितीय इकाई का एक दिवसीय शिविर कॉलेज परिसर में हुआ। इस दौरान खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

शुभारंभ प्राचार्य डॉ. सतीश चंद शर्मा ने किया। लंबी कूद में सोनिया प्रथम, रिया द्वितीय व दीपिका तृतीय स्थान पर रहीं। खो-खो प्रतियोगिता में टीम ए प्रथम रही। द्वितीय सत्र में युवा शक्ति का राष्ट्र निर्माण में योगदान पर निबंध प्रतियोगिता कराई गई। इसमें दीपिका प्रथम, यशोदा द्वितीय व राची तृतीय स्थान पर रहीं। निर्णायक मंडल में डॉ. अनुपम, डॉ. सौरभ, डॉ. मुकेश रहे। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रश्मि निगम, डॉ. एमएस राठी, डॉ. एके शर्मा, डॉ. हीरा लाल, डॉ. अनिल, नितिन, कृष्णपाल, इकबाल का योगदान रहा। उधर, इसी कॉलेज की तृतीय इकाई का शिविर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रशांत यादव की देखरेख में हुआ।

प्राचार्य ने स्वयं सेवकों को सामाजिक कार्यों के लिए प्रेरित किया। इसमें स्वयंसेवकों ने पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लिया। कॉलेज से डीएस भवन बिजरौल रोड तक स्वच्छता रैली निकाली गई। लोगों को स्वच्छता के लिए जागरूक किया गया।


Disclaimer

हम डाटा संग्रह टूल्स, जैसे की कुकीज के माध्यम से आपकी जानकारी एक
ताकि आपको बेहतर और व्यक्तिगत अनुभव प्रदान कर सकें और लक्षित वि
कर सकें। अगर आप साइन-अप करते हैं, तो हम आपका ईमेल पता, फोन
अन्य विवरण पूरी तरह सुरक्षित तरीके से स्टोर करते हैं। आप कुकीज नीति
अपनी कुकीज हटा सकते है और रजिस्टर्ड यूजर अपने प्रोफाइल पेज से अ
व्यक्तिगत डाटा हटा या एक्सपोर्ट कर सकते हैं। हमारी Cookies Policy,
Policy और Terms & Conditions के बारे में पढ़ें और अपनी सहमति दे
Agree पर क्लिक करें।

Agree

# पोस्टर बनाकर स्वच्छता का संदेश दिया



**बड़ौत।** दयानंद बाल विद्या मंदिर स्कूल में चल रहे जेवी कॉलेज के सात दिवसीय शिविर के तीसरे दिन स्वयं सेविकाओं ने पोस्टर बनाकर स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रश्मि निगम, विनोद भारद्वाज, राजकुमार, डॉ एमएस राठी, ईशा शर्मा, प्रिया शर्मा, यशोदा, नेहा, अनम खान, साक्षी, डॉ एके शर्मा, डॉ हीरालाल का योगदान रहा। उधर, दिगंबर जैन कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की तृतीय इकाई के दिगंबर जैन पालीटेक्निक कॉलेज में चल रहे शिविर के छठे दिन स्वयं सेविकाओं को योगाभ्यास कराया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. किरण गर्ग, डॉ. गीता राणा, डॉ. अजय कुमार त्यागी मौजूद रहे। संवाद

# स्काउट एवं गाइड के नियम बताए

**खेकड़ा।** गांधी इंटर कालेज में दो दिवसीय स्काउट एवं गाइड शिविर का शुभारंभ प्रधानाचार्य उमेश चौहान ने किया। प्रधानाचार्य ने छात्र, छात्राओं को स्काउट एवं गाइड के नियम बताए। जिला स्काउट प्रशिक्षक राजबीर त्यागी ने स्काउट एवं गाइड के ध्वज, वर्दी, इतिहास, प्रतिज्ञा के बारे में जानकारी दी। दल बनाकर नायक व कंपनी कमांडर नियुक्त किए। साथ ही छात्र-छात्राओं को व्यायाम कराया गया। इस दौरान स्काउट शिक्षक कंवरपाल सिंह, यामीन, ललिता आदि मौजूद रहे। संवाद

# पांच दिवसीय स्काउट एवं गाइड शिविर शुरू

**अग्रवाल मंडी टटीरी।** बागपत ग्लोबल कॉलेज मीतली-गौरीपुर में बीएड और डीएलएड द्वितीय वर्ष के छात्रों का पांच दिवसीय स्काउट एंड गाइड शिविर का शुभारंभ हुआ। शिविर का उद्घाटन संस्था के चेयरमैन दीपू दमन सिंह ने फीता काटकर किया। पहले दिन प्रशिक्षक रामकिशन शर्मा ने प्रशिक्षुओं को स्काउट एवं गाइड के बारे में जानकारी दी और उसके


READY
TO SKATE





# स्वयं सेवकों ने स्वच्छता अभियान चलाया

# जींस रंगाई की छह अवैध



कल, आज और कल

सच कहूँ

# साहसिक कार्यों के लिए मिली पटेल की उपाधिः गीता रानी

## ■ जनता वैदिक कॉलेज में मनाई पटेल की जयंती मनाई



**बड़ौत (सच कहूँ न्यूज)।** जनता वैदिक कालेज बड़ौत में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा लौह पुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल की 146 वी जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में हर्षोल्लास से मनाई गई। डॉ. मोजपाल सिंह, डॉ. रविन्द्र सिंह ने संयुक्त रूप से माल्यार्पण कर पटेल को नमन किया।

राष्ट्रीय सेवा योजना जिला सह नोडल अधिकारी डॉ. गीता रानी ने सरदार पटेल को नमन करते हुए कहा कि वे साहसिक कार्यों के लिए लौह पुरुष की उपाधि से नवाजे गये। अदम्य साहस के कारण ही वे भारत का एकीकरण कराने में सफल रहे है। दृढ़ इच्छा शक्ति नेतृत्व कौशल के धनी सरदार पटेल ने लगभग 500 से अधिक रियासतों का विलय करा कर भारत को अखंड भारत बनाया। स्वच्छ भारत अभियान के अन्तर्गत डॉ. गीता रानी ने प्लास्टिक का प्रयोग न करने की और इधर-उधर फैली प्लास्टिक को एकत्रित करने की शपथ दिलाई। इस दौरान डॉ. मालती, डॉ. प्रशान्त यादव, डॉ. सौरभ के निर्देशन में छात्र-छात्राओं ने कॉलेज प्रांगण में स्वच्छता अभियान चलाया। कार्यक्रम में डॉ. जोगेन्द्र, डॉ. अनिरुद्ध शर्मा, डॉ. महेंद्र राठी, सुशील आदि का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में डिम्पल, नेहा, प्रिया, सरिता, राजपूत, आरजू , ईशा गुप्ता, दीपिका, मानसी, अर्जुन, आकाश, दीपांशु, सचिन, सुनील आदि ने प्रतिभाग किया ।

# गाली देने पर की गई रविंद्र की हत्या

## पिटाई कर दिया वारदात को अंजाम, बोरे में शव खेत से बरामद



# शराबी बेटे ने मां-बहन को मारपीट कर घर से निकाला



# मतदाता जागरूकता रैली का डीएम ने हरी झंडी दिखाकर किया शुभारंभ

## जनपद की तीनों तहसील क्षेत्रों में निकाली गई रैलियां, 12 हजार विद्यार्थियों ने चलाया जागरूकता अभियान









# पोस्टर प्रतियोगिता में जुबेरा व भाषण में कशिश अव्वल

बड़ौत। जनता वैदिक महाविद्यालय में चल रहा सात दिवसीय कार्यक्रम बृहस्पतिवार को संपन्न हो गया। इस अवसर पर मेधावियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज प्राचार्य डॉ. जयकुमार ने किया। उन्होंने बताया कि सांस्कृतिक समिति तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के सौजन्य से सात दिन तक कॉलेज में पोस्टर व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

पोस्टर प्रतियोगिता में जुबेरा प्रथम, कशिश द्वितीय, अमन्ता तृतीय रहीं। सामाजिक सद्भाव पर भाषण प्रतियोगिता में कशिश प्रथम, चंचल द्वितीय, भारत कुमार तृतीय रहीं। मेधावियों को कॉलेज प्राचार्य द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. मालती, प्रशांत यादव, डॉ. अरुण सोलंकी, पूर्व प्राचार्य, डॉ. देवेश गुप्ता, डॉ. गीता रानी, डॉ. नीलम राणा, बिपिन


ROAD
SAFETY
USE ZEBRA
CROSSING



में तनाव के समाधान के तरीके, यौन हिंसा व गुड टच बैड टच के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। संस्था की प्रधानाचार्या चित्ररेखा जैन ने बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग की अधिकारी की बातों से छात्राओं से फायदा उठाने का आह्वान किया। इस अवसर पर मंच का संचालन अंशु जैन ने किया। इस मौके पर शालिनी शुक्ला, सुधा जैन, निधि जैन आदि मौजूद रहे।

पालिका समाधान दिवस में अलग-अलग तरह की 6 शिकायतें आई। जिनमें से 2 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। बाकी शिकायतों को एक सप्ताह के अंदर निस्तारण करने हेतु अधिकारियों व कर्मचारियों को भेज दिया गया है। इस दौरान पालिका चेयरमैन हाजी अनवर हसन सहित पालिका के समस्त कर्मचारी व अधिकारी मौजूद रहे।

विवाह योजना का कार्य भी बाधित चल रहा है। इसके अलावा प्रतिदिन के कार्य भी बाधित चल रहे हैं। पालिका सफाई कर्मियों को इस माह का वेतन भी नहीं मिल सका। पालिका चेयरमैन हाजी अनवर हसन ने बताया कि जिलाधिकारी को उनके द्वारा पालिका में अधिशासी अधिकारी की तैनाती के लिए कई बार पत्र लिखे जा चुके हैं। अभी तक भी अधिशासी अधिकारी की तैनाती नहीं हो सकी।

# अमृत महोत्सव ज्ञान प्रतियोगिता के मेधावी सम्मानित

**खतौली:** शुक्रवार को बुढ़ाना रोड स्थित शिशु शिक्षा निकेतन इंटर कालेज में आजादी के अमृत महोत्सव पर आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता और हाईस्कूल व इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा के 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

मुख्य अतिथि के उप जिलाधिकारी खतौली जीत सिंह राय ने कहा कि आज के सामाजिक परिवेश में छात्रों में ज्ञान का बीजारोपण हेतु इस तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन नितांत आवश्यक है। 15 दिसंबर को आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में प्राइमरी स्तर पर शिशु शिक्षा निकेतन से प्राची, सहज पब्लिक स्कूल से श्वेता तोमर, शिशु शिक्षा निकेतन से आरिफ अंसारी और सर सैय्यद एकेडमी से शिफा प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान और जूनियर स्तर पर अजय शर्मा, आयुष राणा, प्रिंस प्रथम, द्वितीय, तृतीय पर रहे। प्रथम स्थान प्राप्त छात्रों को 21 सौ, द्वितीय स्थान प्राप्त छात्रों 11 सौ और तृतीय स्थान वाले छात्रों को पांच सौ रुपये का पुरस्कार दिया गया। वहीं इंटरमीडिएट बोर्ड में परीक्षा 2021 में नसरा मलिक, शालू जैन और मानसी अग्रवाल को प्रथम द्वितीय, तृतीय तथा हाईस्कूल परीक्षा में शानू, मो. शारिक और आर्यन को प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शुगमपाल गुप्ता, देवेन्द्र गुप्ता, डा. अशोक गुप्ता, पंकज भटनागर, अजय जन्मेजय, अंकुर सिंघल, डा. अंकुर शर्मा, अनिल कुमार, सनोज कुमार, अंजू विश्वकर्मा, विश्वनाथ शर्मा, दीपचन्द वर्मा, उमंग जैन आदि मौजूद रहे। विद्यालय प्रधानाचार्य कान्ता स्वरूप सिंघल व कार्यक्रम संयोजक सोनिया सिंघल ने अतिथियों का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में अमन आहूजा, दिव्या विश्वकर्मा, प्रज्ञा जैन, अनुज जैन, गोपाल कुमार, ईशकुमार, आशीष कुमार, सचिन सैनी, तबस्सुम आदि रहे।

## आजादी के अमृत महोत्सव पर हुए कार्यक्रम में दी जानकारी

बड़ौत: नगर के जनता वैदिक कालेज में आजादी अमृत महोत्सव के अन्तर्गत वीरा वीरी काढ़ पर प्रतियोगिता एवं अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। शुक्रवार को हुई प्रतियोगिता में शासन के निर्देश पर निबंध और चित्र प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र छात्राओं द्वारा बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया गया। कालेज प्राचार्य डा. जय कुमार सरोहा ने प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया कार्यक्रम में डा. प्रशान्त वादय कार्यक्रम अधिकारी तृतीय इकाई राष्ट्रीय सेवा योजना, डा सौरभ कुमार कार्यक्रम अधिकारी प्रथम इकाई राष्ट्रीय सेवा योजना एवं डा अमित कुमार पांडेय का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में डिम्पल,पूजा,वर्षा और ऋषभ आदि ने निबंध लेखन और चित्र प्रतियोगिता में प्रिया, नताशा, राखी, पूजा, नेहा, ज्योति, अंकुर,शेखर आदि ने प्रतिभाग किया।


परीक्षितगढ़, जनपद मेरठ

दिनांक : 10.12.202

22

ायोरमेन्ट

या जाता है कि कार्यालय नगर पंचायत परीक्षितगढ़, श्रय योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से कराये जाने ाइट https://etender.up.nic.in के माध्यम से आमंत्रित बजे खोली जायेगी। निविदा का विस्तृत विवरण टेण्डर

कार्यालय नगर पालिका परिषद

पत्रांक 148/न0पा0परि0/नामान्तरण/2021-22

-: सार्वजनिक स

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद, स साक्ष्यो बैनामा/वसीयतनामा/वारिसान प्रमाण पत्र/शपथ पत्र के आधार पर उन हेतु प्रार्थना पत्र दिया है। उक्त के नामान्तरण की कार्यवाही हेतु नगर पालिका

# पर

ो अलका की
दी सूचना पर
ं ने पुलिस को
की मांग पूरी
ने का आरोप
महिला के
भरकर पीएम
भाई केशव ने
करण सिंह व
कोतवाली में
।
की तलाश में
लिस के हत्थे
बढ़ाएं हत्यारों
नाई गई टीम
दी गई लेकिन
हीं लग पाया
नय गौतम ने
ारा दिए गए
ा कायम कर
दो टीमें गठित

# कॉलेज में लगाया गया वैक्सीन शिविर

**बड़ौत**। जनता वैदिक कालेज में कोविड महामारी से बचाव हेतु वैक्सीन सुरक्षा कवच शिविर का आयोजन किया गया।

वैक्सीन शिविर में अट्ठारह वर्ष आयु पूर्ण कर चुके छात्र-छात्राओं का टीकाकरण किया गया। ओमीक्रॉन के बढ़ते ख़तरें को देखते हुए कालेज प्राचार्य डॉ जय कुमार सरोहा ने इस शिविर के आयोजन हेतु ज़िला प्रशासन से संपर्क कर वार्ता की।प्राचार्य के अथक प्रयासों से कॉलेज प्रांगण में आयोजित शिविर में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ -साथ अभिभावकों ने भी टीकाकरण कराया।

शिविर के आयोजन में डॉ गीता रानी,संयोजिका कोविड हेल्प डेस्क समिति,डाक्टर मालती, डाक्टर प्रशान्त यादव ने छात्र—छात्राओं को वैक्सीन लगवाने के लिए जागरूक किया एवं शिविर की व्यवस्था सुचारु रूप से संचालित की। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बडौत की टीम में राकेश बालियान वैशाली

# लायंस बंदिये

पब्लिक एशिया ब्यूरो

**मुजफ्फरनगर:**
लायंस क्लब द्वारा क
बंदियों को पड़ रही
को देखते हुए उन्हें
लिए जिला कारागार
कपड़े वितरित किए
आयोजित कार्य
कृष्ण कुमार वि
अधीक्षक सीताराम
गरीब बंदियों को गर
किए गए,इस अवस
कृष्ण कुमार विश्न
में बंद सभी बंदियो
संस्था के जिमेद
संबोधित करते हु
प्रकार के सामाजिक
सामाजिक संस्थाअ
समय पर करते र
कार्यों में स्वयंसेव
सहभागिता बहुत
आवश्यक है, इससे
मदद होती है साथ ह
सीताराम शर्मा द्वारा
कारागार में गरीब

कल, आज और कल

# सच कहूँ

दिल्ली, हरियाणा, यूपी व उत्तराखण्ड से एक साथ प्रकाशित,

# जेवी कॉलेज में वैक्सिनेशन शिविर आयोजित



**बडौत (सच कहूँ न्यूज)।** जनता वैदिक कॉलेज में कोविड महामारी से बचाव हेतु वैक्सीन सुरक्षा कवच शिविर का आयोजन किया गया । जिसमें अट्ठारह वर्ष आयु पूर्ण कर चुके छात्र-छात्राओं का टीकाकरण किया गया। ओमीक्रॉन के बढ़ते खतरें को देखते हुए कालेज प्राचार्य डॉ जय कुमार सरोहा ने इस शिविर के आयोजन हेतु ज़िला प्रशासन से संपर्क कर वार्ता की। शिविर के आयोजन में डाक्टर गीता रानी,संयोजिका कोविड हेल्प डेस्क समिति,डाक्टर मालती, डाक्टर प्रशान्त यादव ने छात्र–छात्राओं को वैक्सीन लगवाने के लिए जागरूक किया एवं शिविर की व्यवस्था सुचारु रूप से संचालित की। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बडौत की टीम में राकेश बालियान, वैशाली शामिल रहें ।

# 25वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव में निबंध प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

पब्लिक एशिया संवाददाता



**बड़ौत।** जनता वैदिक कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत पच्चीसवें राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2022 पुदुच्चेरी में निबंध प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने व जागरूक करने के लिए एक शिविर का आयोजन किया।

इस मौके पर राष्ट्रीय सेवा योजना की सह जिला नोडल अधिकारी डाक्टर गीता रानी ने बताया कि क्षेत्रीय निदेशक राष्ट्रीय सेवा योजना उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देश पर राष्ट्रीय युवा महोत्सव के अन्तर्गत आयोजित कार्यक्रम में निबंध प्रतियोगिता मेरे सपनों का भारत 2047और स्वतंत्रता का अमृत महोत्सव-स्वतंत्रता के गुमनाम सेनानी विषयों पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।इस प्रतियोगिता में स्वयं सेवक और स्वयं सेविका किसी एक या दोनों विषयों पर भी निबंध लिख सकते हैं ।

प्रतियोगिता के उपरांत स्वयं सेवकों और स्वयं सेविकाओं ने अपने-अपने निबंध पी डी एफ में दिये गये ईमेल लिंक पर अपलोड किए ।तदुपरांत राष्ट्रीय सेवा योजना की चारों इकाइं द्वारा आजादी अमृत महोत्सव के अन्तर्गत किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह के जन्मदिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम चौधरी चरण सिंह की मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित की गई ।उनकी स्मृति में निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।इस कार्यक्रम का संचालन डाक्टर गीता रानी,ने व कार्यक्रम अधिकारी,राष्ट्रीय सेवा योजना चतुर्थ इकाई द्वारा किया गया ।इस कार्यक्रम में डाक्टर मालती कार्यक्रम अधिकारी द्वितीय इकाई,डा प्रशान्त यादव कार्यक्रम अधिकारी तृतीय इकाई का विशेष योगदान रहा ।इस शिविर में पलकी शर्मा,डिम्पल कश्यप,साक्षी, नेहा, ज्योति, अंकिशा, हिमांशी मान, शिवानी, नेहा, प्राची, राहुल मान, नीतीश, उज्ज्वल, अवनीश, रमन, गौरव आदि ने प्रतिभाग किया ।